मैं यह कहना चाहती हूं कि अतीत के भूत से वे इतनी जल्दी अपना पिंड नहीं छुड़ा सकते क्योंकि वर्तमान की जड़े अतीत में होती हैं और यदि हमें वर्तमान को समझना है तो हमें अतीत को भी समझना पड़ेगा । मैं कहूंगी कि आज जो आवाजें सुनाई पड़ रहीं हैं, उसके लिए निश्चित रूप में हम पिछली सरकार के कार्यों को भुला नहीं सकते ।

महोदया, इसके साथ ही एक और जरूरी मुद्दा जिस पर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं, वह है त्रिपुरा का मसला । हमारे मंत्री महोदय

[श्रीमति सरला माहेश्वरी]

ने गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में यह जिक्र किया है कि त्रिपुरा में स्थिति सामान्य है और टी.एन.वी. को राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल कर लिया गया है, लेकिन महोदया, मैं आपका ध्यान आकर्षित करती हूं कि आज भी हकीकत यह है कि त्रिपुरा की स्थिति से जो भी वाकिफ हैं, वह वस्तुस्थिति को अच्छी तरह जानता है और तमाम तथ्य जो हमारे सामने हैं, उनसे जाहिर है कि टी.एन.वी. का जन्म वहां की वामपंथी जनवादी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिये किया गया था और वह टी.एन.वी. आज टी.यू.जे.एस. के रूप में सत्ता में बैठी हुई है, तो जाहिर है कि उसका उसी रूप में बने रहने का कोई औचित्य नजर नहीं आता। इसीलिये आज टी.एन.वी. की जरूरत नहीं है। लेकिन आज जिस तरह त्रिपुरा में जनतंत्र की हत्या हो रही है और यह हमारे लिये एक तथ्य है, जिसे मैं चाहूंगी कि हमारे गृह मंत्री भी नोट करें, तो अच्छा रहेगा ; क्योंकि यह जनता का उच्चतम सदन है और जनतंत्र की मौत को अगर हम खामोश होकर देखते रहे, तो हम जनतंत्र के सही पहरेदार नहीं हो सकते। भारत के प्रस कौंसिल ने यह रिपोर्ट दी है और उसने जांच समिति तयार की कि किस तरह त्रिपुरा में विरोधी दलों के द्वारा जो पत्र निकाले जा रहे हैं--गणशक्ति, दशेर कथा, उन अखबारों को बेचने वाले हॉकर्स पर लगातार हमले हो रहे हैं, उन अखबारों के कार्यालयों पर हमले हो रहे हैं, पार्टी आफिसों पर हमले हो रहे हैं और पिछले दो-तीन महीनों के अन्दर महिलाओं की अहमत लूटने की 12-13 घटनायें घट चुकी हैं, तो माननीय महोदया, मैं यह चाहूंगी कि गृह मंत्री इन चीजों पर नजर रखें और जनवादी आन्दोलनों को देखने का नजरिया अपना बदलें। तभी पुराने ढर्रे को छोड़कर एक सही नये ढ.ग से वे सोचना शुरू करेंगे। आम जनता के जनवादी आन्दोलन के प्रति अगर दूसरे ढंग से सोचेंगे, तभी हमारे देश का भविष्य कुछ दूसरा रूप ले सकेगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं समाप्त कर रही हूं।

उपसभापति : खलीलुर रहमान साहब और ईश दत्त यादव जी, दो लोग दावेदार हैं। ईश दत्त जी आप उस पर बोल लीजियेगा। आपकी पार्टी तो कहीं न कहीं दे ही देगी, टाइम। होम मिनिस्टर साहब को बोलना है और उसके बाद दो स्टेटमेंट हैं, एक स्टेटमेंट नहीं है।

श्री ईश दत्त यादव : (उत्तर प्रदेश) : महोदया, आपकी जो आज्ञा हो, मिनिस्टर साहब का सुझाव हम मानने के लिये तैयार हैं। लेकिन हम लोगों का समय तो हमेशा काट दिया जाता है, लास्ट स्पीकर कह करके, तो कभी तो न्याय होना चाहिये।

उपसभापति : कभी-कभी हो जाता है। नैक्सट टाईम मैं आपका नाम ऊपर कर दूंगी।

श्री ईश दत्त यादव : मैं सहमत हूं। मैं अपनी ओर से और खलीलुर रहमान साहब दोनों की ओर से कह रहा हूं कि आपके आदेश का पालन किया जायेगा, लेकिन कभी-कभी हम लोगों पर भी कृपा किया कीजियेगा, न पांच मिनट, दो मिनट समय दिया करिये। आज तो हम लोग आपके आदेश को मान रहे हैं।

उपसभापति : क्योंकि आज हम चाह रहे हैं कि आज की बिजनिस आज ही खत्म कर दें। आप लोगों का बहुत बहुत शुक्रिया। नक्सट बिल पर मैं आपके लीडर से बोलूगी, शुक्रिया।

गृह मंत्री (श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद) : डिप्टी चैयरमैन, जिन सदस्यों ने होम मिनिस्ट्री की कारकरदगी पर बहस में हिस्सा लिया और कुछ सुझाव दिये, मैं उनका मशकूर हूं और ज्यादातर मेम्बरों ने जो देश में फिरकावाराना तनाव है, उसका जिकर किया और उसके बाद जो हमारी कौमी समस्यायें हैं नेशनल इश्यूज हैं, चाहें पंजाब है, काश्मीर है, असम के हालात हैं, उनका जिकर किया। सबसे पहले

मेरी यह कोशिश होगी कि हमारे देश में कभी-कभी कौमी दंगे होते रहे हैं और ऐसा माहौल होता रहा है, भाई और भाई में झगड़े होते हैं, यहां भी ऐसे बाकयात होते रहे । लेकिन जहां भी ऐसे बाकयात होते थे, फौरन हम कोई वेस्टिड इंटरेस्ट कोई मफादे खुशूसी उसकी तरफ इशारा करके कहते थे कि आम जनता में इसका प्रभाव नहीं, इसका असर नहीं । लेकिन कुछ सालों से यह जो फिरकाबारियत जहर है, यह भाई और भाई में नफरत का जो माहौल है, वह किसी हद तक आम जनता पर उसका असर होने लगा है, तो मेरे पास पिछले 1985 से लेकर 1990 तक जो एक रिकार्ड है, इसमें यह इंसीडेंसिज बढ़ते ही चले गये, तो बहुत दफे इस पर विचार हुआ, नेशनल इंटीग्रेशन कौंसिल की मीटिंग आज से दो साल पहले बुलायी गयी और मैं समझता हूं कि हमारे देश में हमेशा भाई-चारे का माहौल रहा है । लेकिन यहां मस्जिद और मन्दिरों की आपस में उस बुनियाद पर कोई तनाव नहीं रहा और इस गंगा जमुना की सरजमीं पर यह बुसअत है जिसने हर आने वाले इंसान को अगर इस्लामी तहजीब का कहीं अच्छा असर है, वह इस गंगा जमुना की धरती पर है ।

हम यह कहना चाहते है कि देश के सामने आज के जमाने में खतरा बाहर से है । इस मुल्क के अंदर जो डिवासिव फार्सेज हैं या अलाहिदगी पसन्द लोग जो हैं वे कश्मीर में हैं, पंजाब में है या असम में हैं । इस चुनौती का मुकाबला हमें भाई-भाई से कंधे से कंधा मिलाकर करना है । आजकल के बाहर के जो देश हैं खासकर हमारे पडौसी देश हैं उनकी तरफ से कोशिश यह है कि अंदर के माहौल को खराब किया जाए । हमें इसका मुकाबला करने की जरूरत है । नेशनल इंटेग्रेशन कोसिल की मीटिंग हुई थी इन सारे हालात के ऊपर वहां पर पंजाब और कश्मीर की सिच्युएशन पर तफसीली बहस हुई । वहां यह भी सवाल पैदा हुआ कि इस माहौल को कैसे ठीक किया जा सकता है । अभी हाल ही में कानपुर में हादसा हुआ, गुजरात में तनाव पैदा हुआ । वहां जब इसकी छानबीन की गई तो यह पाया गया कि किसी एक स्कूटर और साइकिल में टकराव हो गया तो लडाई शुरू हो गयी । मैं समझता हूं पहले कोई भी धार्मिक जुलूस होता था, कहीं ईद मनाई जाती थी या कहीं राम नवमी का फंक्शन होता था तनाव का बायस ही होता था । उसमें दोनों हिन्दू और मुसलमान मिलकर हिस्सा लेते थे । लेकिन अब के माहौल में ऐसा नहीं होता । कोई जलसा होता है, जुलूस होत है, धार्मिक फंक्शन होता है तो किसी चीज को लेकर लड़ाई शुरू हो जाती है । इसी की वजह से हमने, प्राइम मिनिस्टर ने सभी चीफ मिनिस्टरों को यह चिट्ठी लिखी है कि नेशनल इंटेग्रेशन कौंसिल की मिटिंग में यह फैसला हुआ है इसका पालन किया जाए । उसमें एक तो यह था कि लाउडस्पीकर इस्तेमाल न किये जाएं । मस्जिदों में, मन्दिरों में अक्सर लाउडस्पीकर इस्तेमाल किये जाते हैं और उसका इस्तेमाल ऐसा होता है कि उससे नफरत का माहौल पैदा हो जाता है । मेरठ में जब दंगा हुआ तो उसके बाद से वहां पर लाउडस्पीकर लगाने पर पाबन्दी लगा दी गयी । दूसरे यह कि जो जुलूस निकलते हैं , धार्मिक जुलूस निकलते हैं उनमें प्रोवोकेटिव स्लोगन्स न लगायें जायें । जब भी कोई जुलूस निकले, धार्मिक जुलूस निकले तो कोई ऐसा स्लोगन नहीं होना चाहिए जिससे दूसरे फिरके में नफरत पैदा हो, उससे जजबातों पर असर पड़े । तीसरे यह कि वाल राइटिंग के बारे में कहा गया । हमने यह कहा कि वाल राइटिंग ऐसी न हो जिससे किसी दूसरे फिरके के जजबात पर असर पड़े । चौथे यह कि जो हमारी टैक्स्ट बुक्स हैं वे ऐसी हो जिससे बच्चों के जहन पर अच्छा असर पड़े । जो हमारी तारीखी में खुशनुमा वाकियात हुए हैं उन वाकियात को दोहराया जाए ।

विपक्ष के लोग यहां बैठे नहीं है वही ऐसी चर्चा करते हैं । मैं गुजरात गया था । वहां सभी पार्टी के लोगों से मिला । उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ कि वहां के हालात पर फौरन काबू पा लिया गया । लेकिन भागलपुर में क्या हुआ, मेरठ में क्या हुआ ? महीनों तक काबू नहीं पाया गया । मेरे ख्याल में 1947 में भी ऐसे वाकियात नहीं हुए थे

[श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद]

जो वहां हुए। ऐसा ही राम जन्म भूमि और बाबरी मस्जिद के बारे में कहा गया। उन्होंने 9 को उस वक्त शिलान्यास किया...।

अयोध्या में 9 को शिलान्यास करके 10 को शिलान्यास का काम बन्द कर दिया गया और 9 को अयोध्या से चुनाव अभियान शुरू करके रामराज की बात की गई। मुझे खुशी है कि आज वे लोग भी इन बातों की चर्चा करते हैं कि सबसे बड़ा खतरा अगर देश के सामने इस वक्त कोई है तो वह कम्युनलिज्म का खतरा है। इस फिजा को कोई सरकार, कोई एडमिनिस्ट्रेशन, कोई फोर्स नहीं संभाल सकता। यह दिलों को जोड़ने वाला सवाल है। ऐसी बात नहीं है कि सरकार को कुछ नहीं करना है उसको लोगों में नफरत का जो माहौल है, आपस में दो भाइयों में विश्वास की जो कमी है, उसे उस विश्वास को बराबर करना है। मैं यह कहना चाहता हूं कि जब भी देश के सामने कोई चुनौती आई है, मुझे याद है कि उस वक्त पाचवीं जमात में पढ़ता था, जब 1947 में पाकिस्तान के साथ हमारी लड़ाई हुई। ब्रिगेडियर उस्मान हमारे फौज में ब्रिगेडियर थे। उन्होंने राजौरी-पूंछ का इलाका पाकिस्तान से आजाद किया था और वे उसमें शहीद हुए थे। इसी तरह हवलदार अब्दुल हमीद की हम बात करते हैं जिसने पाकिस्तान के टैंकों को खत्म कर दिया। देश के सामने जब भी कोई चैलेंज आया हिन्दू और मुसलमान, दोनों ने उस चैलेंज का मुकाबला किया। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस गंगा-जमुना की धरती पर खुशहत है। जो लोग यहां रहे हैं, जब हम हिन्दुस्तान की बात करते हैं तो पाते हैं यहां के लोगों में वह सत है, भाई चारे का माहौल है। लेकिन 1947 में जो यहां के लोग, यू.पी. और बिहार से पाकिस्तान चले गये थे, आज आजादी के 40 साल बाद भी वहां वे जिंदगी और मौत की लडाई लड़ रहे हैं। वहां की जमीर उनको कबूल नहीं करती। वहां आज भी उनको महाजिर कहा जाता है। महाजिर और अंसार की लडाई, महाजिर और पठान की लडाई है। यह देश, यह मुल्क हमारा है। अगर यह मुल्क खुशहाल होता है तो सब लोग खुशहाल रहेंगे। हमें इस मुल्क में रहना है। इस मुल्क की तरक्की को आग ले जाना है। जब हम 15–नुकाती, 15–सूत्री कार्यक्रम की बात करते हैं, जब हम देखते हैं कि हमारे मुल्क में पढे लिखे लोग कितने हैं, क्या उनकी संख्या है, कितनी फीसदी है, तो अगर ये 30 फीसदी हैं तो अल्पसंख्यक 15 फीसदी से ज्यादा नहीं हो सकते क्योंकि उनको तालीम की, शिक्षा की सहूलियत नहीं है। वे मां की गोद से उतर कर वहां कालीन का काम करते हैं, जरी का काम करते हैं। जब वे तालीम के नूर से मुनव्वर नहीं होते हैं तो वह देश की तरक्की में पूरा असर नहीं डाल सकते। मुझे संख्या मालूम नहीं कि कितने हिन्दू हैं और कितने मुसलमान हैं, करोडों में हैं। कितने करोडों में हैं यह भी मुझे मालूम नहीं। लेकिन जो लोग हिन्दुस्तान को, भारत को एक महान देश देखना चाहते है, एक खुशहाल देश देखना चाहते हैं तो मैं कहना चाहता हूं कि ये इस इतने बड़े मुल्क हिन्दुस्तान का एक हिस्सा है। अगर जिस्म के एक हिस्से को खुदानखास्ता फालिज हो जाये तो उसका असर सारे जिस्म पर होता है। मुल्क को आगे बढाने के लिए अगर कोई हुनर सीखता है, अगर कोई कालीन बनाता है, अगर कोई जरी का काम करता है तो हमें खुशी होनी चाहिए। अगर किसी इंसान का जेहन बहुत बड़ा है, जैसे अबुल कलाम जिसने अग्नि बनाई, यह हर एक हिन्दुस्तानी मूले वतन का फर्ज है कि उसकी जो सलाहियत है तो वह उस सलाहियत का इस्तेमाल करे, देश की तरक्की में इस्तेमाल करे। यह कहा जाता है कि मैन स्ट्रीम में लाना है, कौमी दायरे में लाना है तो इसके लिये रास्ता बनाने की जरूरत है। यह मुल्क तरक्की कर सकता है जब सब लोग तरक्की करें। हर वक्त सरकार से यह कहा जाता है, जब कहीं दंगा हो जाय कि कितनी फौज आ गई, कितनी फोर्स पहुंच गई, बी.एस.एफ. की कितनी है, सी.आर.पी. एफ. की कितनी है।

यह लोगों के दिल बदलने का सवाल है लोगों को समझाने का सवाल है कि देश के सामने एक चुनौती है उस चुनौती का मुकाबला करने के लिए यूनाइटेड वी स्टेंड। अगर हम आपस में बंट जाएंगे तो हम उस चुनौती का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। तो इसके बारे में साम्प्रदायिकता या फिरकावाराना माहौल के बारे में मुझे यह कहना है कि सब

पार्टियों का सहयोग होना चाहिये। हर एक पार्टी लोगों के पास जा कर के इस बात को समझाएं कि अगर हम कन्धे से कन्धा मिला कर चलेंगे तो देश खुशहाल होगा अगर आपस में बंट जाएंगे तो मुल्क कमजोर होगा।

दूसरी समस्या जिसके बारे में यहां चर्चा हुई वह पंजाब समस्या की है। यह जो समस्या पंजाब की है यह आठ-दस साल से 1980 से एक माहौल बना। मैंने लोक सभा में भी अपोजिशन के भाइयों से यह कहा कि यही एक घटना है जिसके लिए हमें आप्रेशन ब्लू स्टार करना पड़ा। यही ऐसी घटना है जिसकी वजह से हमारी प्रधानमन्त्री की जान गई और उसके बाद आप्रेशन ब्लैक थंडर करना पड़ा। 1984 में उस वक्त के प्रधान मंत्री ने लोंगोवाल साहब के साथ एक अकार्ड किया। अकार्ड हुआ हीलिंग टच देने के लिए, लोगों का विश्वास हासिल करना है लेकिन साजिश करने वालों का हाथ इतना बड़ा है कि जो उस अकार्ड का आर्किटेक्ट था लोंगोवाल उसकी भी जान चली गई। उन्होंने भी तजुर्बा किया। इसके बाद नेशनल फ्रंट की सरकार आई। हमारे प्रधान मंत्री अमृतसर चले गये। कुछ कोशिश की हमने हीलिंग टच देने की। लोग समझ गये कि यह तो सरकार की पालिसी बड़ी कमजोर पालिसी है जैसे पहली सरकार की पालिसी बड़ी सख्त पालिसी थी। पिछले 6-8 साल से पंजाब में समस्या बनती रही लेकिन जहां तक इस बात को समझने की जरूरत है एक तो यह कोशिश की जा रही कि जब भी पंजाब के हालात में कुछ बेहतरी होने लगती है तो आतंकवादी जिनको बाहर से मदद मिलती है वह कोई न कोई ऐसा ऐकशन करते हैं जिससे माहौल खराब होता है ममलन अबोहर, फिरोजपुर और बटाला में जैसे माहौल खराब हो गया। एक सेक्शन को टारगेट बनाया गया। लेकिन पंजाब के लोगों को हम बधाई देना चाहते हैं कि इस कोशिश करने के बावजूद भी हिन्दू और सिख में लड़ाई हो जाए वहां पर भाईचारे का माहौल बरकरार रहा। हमारी यह कोशिश होगी पंजाब के लोग भी अमन और शान्ति का माहौल चाहते हैं। मेरी चण्डीगढ में मीटिंग हुई गवर्नर के साथ और सीनियर आफिसर्ज के साथ जिसमें वह कह रहे थे कि एग्रीकल्चर प्रोडक्शन का जहां तक सवाल है पिछले साल मंडियों में जितना गेहूं आया था इस साल उससे 30 परसेंट ज्यादा गेहूं आया है। बीस सूत्री कार्यक्रम की कारकर्दगी या इम्प्लीमेंटेशन में पंजाब सारे देश में दूसरे नम्बर पर है। इसी तरह से नेशनल फ्रंट की सरकार ने पंजाब का प्लान एलीकेशन 700 करोड़ से बढा कर 900 करोड़ रुपया कर दिया है। ऐसे ही यह एक बहुत बड़ा अच्छा प्रोग्राम स्टेट गवर्नमेंट ने बनाया जो इकोनोमिक पेकेज सेंट्रल गवर्नमेंट ने पंजाब के लिए किया है मैं उसका पूरा जिक्र तो नहीं कर सकूंगा लेकिन इसमें कुछ बातें हैं वह मैं कहूंगा जो इस तरह से हैं :-

"Proposal of State Government to generate 29.49 lakh man-days of employment in various programmes in the rural areas, In addition, employment for about 75,000 beneficiaries will be generated under various schemes of the State during 1990-91 and about 63,000 of youth of the rural areas will be trained for wage and self-employment by the Youth Services Department of the State Government. Release of power connections for agricultural pumping sets—release of about 30,000 connections during the current year. The scheme is at a total cost of Rs. 186 lakhs for the welfare of Scheduled Castes for the year 1990-91. Raising of ex-gratia payment for the next of kin of those killed as a result of terrorists' violence from Rs, 20,000/- to Rs, 50,000,. . . and lump sum cash relief to hundred per cent disabled persons—Rs. 15,000/- to Rs. 20,000/- and enhancement of subsistence allowance for widows or destitutes—from Rs. 250/- to Rs. 500/- per month and a proposal to create a pool of persons affected by terrorist violence for employment. district-wise and to

[श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद]

pay them Rs. 100/- per month continuously from the date of registration till such persons are absorbed in the Government Departments. इसी तरह से वर्ल्ड बैंक के साथ उन्होंने एक एग्रीमेंट किया है, कोलेबोरेशन है, पंजाब के लिये इरीगेशन के लिये, ड्रेनेज के लिये एक स्कीम है जिसमें कोई 450 करोड़ रुपया खर्च किया जायेगा। वहां हाल ही में चंडीगढ़ में मीटिंग हुई जिसमें उसमें हमने गवर्नर और दूसरे आफिसर्स के साथ बात की है कोआर्डिनेशन पर। हमने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की है कि जितना मुमकिन है बार्डर को पूरा सील किया जाये, बी.एस.एफ. या और जितने भी हो सके बार्डर में लगायें। इंफिल्ट्रेटर्स तथा और बहुत सारे लोग पकड़े हैं, बहुत सारा सामान पकड़ा है, काफी इफिल्ट्रेशन हो रहा था। जो पंजाब में सबसे ज्यादा अफेक्टेड 3 डिस्ट्रिक्ट्स वहां नाइट पैट्रोलिंग का पूरा इंतजाम किया गया है और कहा गया है कि जितनी जल्दी हो सके वहां ला एंड आर्डर सिचुएशन को बेहतर किया जाये ताकि लोगों में विश्वास पैदा हो और चुनाव अगले 6 महीने में मुमकिन हो सकें।

तीसरा आसाम के बारे में मसला है। पिछली सरकार ने वहां की ए.जी.पी. के साथ एक एकार्ड किया था। प्राइम मिनिस्टर का पहला आफीशियल विजिट आसाम में था। उस वक्त सबसे ज्यादा इम्फेसिस उस एकार्ड में फारन नेशनल्स के बारे में थी। इसके बारे में जो बातें तय हुई थी और जो केन्द्रीय सरकार को मरकजी सरकार को मदद देनी थी आइडेंटीफिकेशन आफ फारेनर्स एंड देयर डिपोर्टेशन, वह उनको दी गयी। दूसरा बार्डर को सील करने के लिये उनको पूरा एलोकेशन किया। हमारे जो राज्य मंत्री हैं सुबोधकांत सहाय जी वे मौके पर गये और उस काम का सुपरविजन किया – आसाम एकार्ड को जितना बातें हैं इन्क्लूडिंग ओपेनिंग आफ आयल रिफाइनरी। आसाम एकार्ड का एक प्वाइंट यह भी था कि जितनी भी पोटेशियल वहां आसाम की है उसको यूटिलाइज किया जाना चाहिये। प्लानिंग कमीशन के हमारे मिस्टर जैन के अंडर में एक कमेटी बनी है जिसने बहुत ही कम्प्रीहेंसिव रिपोर्ट दी है प्लानिंग कमीशन को, इस पर अमल करने की जरूरत है। आयल रिफाइनरी का हमने फसला किया है। उसका प्रिलिमनरी इंवेस्टीगेशन हो रहा है। इसी तरह से एक अशोक जूट मिल के लिये हमने 67 करोड़ रुपये दिये हैं। इसी तरह से कई पुल बनाने के सवाल हैं वहां कुछ जो "उल्फा" की एक्टिविटी है मुझे नहीं लगता कि कोई वजह है। अगर कहीं ग्रीवास है, • अन्याय है तो उसके खिलाफ लड़ाई लड़ी जाती है। आसाम एकार्ड पर मरकजी सरकार द्वारा जो मुमकिन था उसको पूरा करने की कोशिश की गयी। वहां चीफ मिनिस्टर और जो काउंसिल आफ मिनिस्टर्स हैं उनसे मेरी बात हुई, आफिसर्स से बात हुई। वहां उनका यह कहना है कि ये जो सेसेशनिट्स है – उल्फा–उसने कुछ इलाकों में बहुत माहौल खराब करने की कोशिश की है उसको एडमिनिस्ट्रेटिवली और पोलिटिकली डील करने की जरूरत है। उनको हमने बहुत सफाई से कह दिया कि

"Assam being the nerve centre of the entire North-east, there should be no slackness in dealing with the situation politically and administratively."

उसको हम देख रहे हैं किस हद तक कर सकेंगे। ऐसे ही आसाम में बोडो एजीटेशन है। उसका मुतालबा, उनकी डिमांड है सेपरेट स्टेट। लेकिन उसके बारे में ट्राइपारटाइट मीटिंग हुई है। आज एक और मीटिंग होने वाली है हमारी तरफ से, सरकार की तरफ से रामविलास पासवान इसमें उनसे बात कर रहे हैं। उनका यह है कि हर जगह जो ट्राइबल है वे समझते हैं कि उनकी कल्चरल आइडेंटिटी खत्म हो रही है।

या उनकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है या तरक्की के कामों में उनका इनवाल्वमेंट नहीं है । हमने कहा है कि जितना जल्दी मुमकिन हो सके, इस प्रोब्लम को साल्व करने की कोशिश की जाये ।

इसी तरह नार्थ ईस्टर्न काउंसिल के बारे में मीटिंग हो रही है । वह मिनिस्टर्स की कमेटी है । मेरी हाल ही में नार्थ ईस्ट के चीफ मिनिस्टर्स के साथ मीटिंग हुई है । हमने वहां कुछ प्रोजेक्टस सेंक्शन किये हैं । अब की बार हमारी सरकार ने 1991 में नार्थ ईस्टर्न काउंसिल के लिये Rs. 202 crores has been tentatively approved by the Planning Commission. प्लानिंग कमीशन ने इसमें काफी स्टेप अप इस एलोकेशन में किया है । यह तो काउंसिल की मीटिंग होगी, उसी में उस का किया जायेगा ।

दूसरे जैसे आसाम में बोडो का प्राब्लम है, उसी तरह झारखंड का इलाका है और वहां के लोगों को भी बहुत पहले से डिमांड है । वह समझते कि कि उनके जो काम हैं, उनकी जो कल्चरल आयडेंटिटी है, उनकी जो जमीन है या उनका डवलपमेंट में इनवाल्वमेंट नही है । इसके बारे में भी सरकार ने एक कमेटी बनायी थी । इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी है । उन्हें 14 तारीख को हम बुला रहे हैं । इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चे के ही नहीं बल्कि दूसरी पार्टियों के सदस्य हैं, उनको भी बुला रहे हैं,। उनके साथ बातचीत हो रही है और उसमें कोई फायनल साल्यूशन इवाल्व करने के लिये हम बात कर रहे हैं ।

दूसरे, एक नक्सलिज्म का माहौल बना है । उसका सबसे ज्यादा असर आंध्र प्रदेश में है । मध्य प्रदेश में है, महाराष्ट्र में है... (**व्यवधान**)...बिहार में भी कहीं होगा । बिहार का अभी पूरा मालूम नहीं है । लेकिन वहां एक माहौल बना है । यह सेसेशन नहीं है, लेकिन यह हमारे सारे सोशियो-इकोनोमिक सिस्टम को... (**व्यवधान**)...जिस आदमी को इंसाफ मिलना चाहिये, उसमें वेस्टेड इंटरेस्टस हैं । ऊपर का क्लास सब खा जाता है । तो वेस्ट बंगाल से यह इंकलाबी तहरीख चली थी । वहां उन्होंने उस पर कंट्रोल किया, कुछ मेजर्स लिये । लेकिन आंध्र में सबसे ज्यादा असर है । लेकिन वहां जो प्रजेंट चीफ मिनिस्टर हैं, उन्होंने एक लिबरल और ह्यमन एटीट्यूड लिया है । उसमें उन्होंने एक तो बातचीत के लिये बुलाया है । Withdrawn the Disturbed Areas Act; lifted the ban on left extremist front organisations; and disbanded the Grey Hounds : सेक्यूरिटी फोर्स का एक विंग था जो उनको डील करता था । Agreed to release 100 undertrial extremists from prison. तो इस तरह से उन्होंने किया है । लेकिन मेरे मालूमात जो हैं, बहुत सारे डिस्ट्रिक्ट्स में उनका असर बढ़ गया है । लेकिन हम यह देखना चाहते हैं कि जिस तरह से आंध्रप्रदेश के चीफ मिनिस्टर उस को डील कर रहे हैं, इस का भी कोई-न-कोई नतीजा होना चाहिए ।

SHRI MOTURU HANUMANTHA RAO (Andhra Pradesh) : It seems the Chief Minister is not very serious ... (*Interruptions*)...

SHRI MUFTI MOHAMMAD SAYEED : I do not know; it is to be seen. दूसरे, फ्रीडम फायटर्स के केसेज के करीब 4 लाख 47 हजार एप्लीकेशंस आए थे और...जो केसेज सेंक्शन हुए हैं, वे 1,55,867 हैं । हम ने पिछले दो महीनों से कोई 2957 जुनाइन केसेज हैं—जिन बेचारों को इत्तला नहीं मिली है और कुछ लोग ऐसे हैं मसलन गोवा के फ्रीडम स्ट्रगल में जिन्होंने हिस्सा लिया है, उनके केसेज को हम रिओपन कर रहे हैं जिन्होंने भी लास्ट डेट तक एप्लाय किया है, उन के केसेज को हम देख रहे हैं ।

[Shri Mufti Mohammad Sayeed]

आर्म्स लायसेंस के बारे में भी पिछली सरकार ने किया था कि जो डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट हैं, वह डिस्ट्रिक्ट का लायसेंस दे सकता है। मसलन अगर कोई गाजियाबाद में रहता है और उस को दिल्ली आना है तो उसके पास अपनी सुरक्षा के लिए कोई समान है तो वह वहीं रखेगा हरियाणा से या फरीदाबाद से आना हो तो नहीं मिलेगा। उस पालिसी को हम ने रिव्यू किया है। डिप्टी कमिश्नर को हम ने स्टेट का अख्तियार दिया है और स्टेट को सारे देश का लायसेंस इश्यू करने का अख्तियार दिया है।

दूसरे, सरकारिया कमीशन के लिए एक कैबिनेट सब कमेटी है जो उसकी रिकमनडेशंस को लागू करने के बारे में देखेगी। इस इंटर स्टेट काउंसिल के लिए अंडर आर्टीकल 263 हम अगले एक-दो दिनों में नोटिफिकेशन कर रहे हैं। यह इंटर स्टेट काउंसिल बहुत ही फंक्शनल बाडी होगी। इस की स्टैंडिंग कमेटी होगी और जो भी डिस्प्यूट्स होंगे, जो भी इश्यूज होंगे वह इंटर स्टेट काऊंसिल में आयेंगे।

दूसरे, एक पुलिस की वर्किंग्स के बारे में नवम्बर, 77 में नेशनल पुलिस कमीशन बना था। इस की 8 रिपोर्टस गवर्नमेंट को मिली थी। इसकी प्रिंसीपल रिकमंडेशंस जो थीं उनमें --

Working conditions of policemen, police housing programme, inquiries into complaints against policemen, abolition of orderly system, machinery for redressal of grievances ...

इस में बहुत सारी बातों पर स्टेट सरकारों और केन्द्रीय सरकार ने अमल किया है। इस के अलावा हम ने यह फैसला किया है कि जो इनफिल्ट्रेशन के वाकयात हो रहे हैं, उस में बार्डर के नजदीक जो लोग रहते हैं, उन की हर जगह यही शिकायत है, आसाम में चले जाइये या किसी और एरिया में चले जाइए, लोग आ रहे हैं। तो गवर्नमेंट आफ इंडिया ने एक स्कीम बनायी है जिस में--

The scheme is under implementation in Rajasthan and Gujarat. The objectives of the scheme are as follows : To register *bona fide* residents, to collect reliable information regarding the status of residents' to check the movement of visitors ...

इस में हम ने यह फैसला किया है, मरकजी सरकार ने स्टेट गवर्नमेंट्स से यह रिक्वेस्ट की है काश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, वेस्ट बंगाल और आसाम से कि जितना भी इस पर खर्चा होगा, आयडेंटिटी कार्ड बनाने का सारा खर्चा मरकजी सरकार बर्दाश्त करेगी। सब को यह आदेश दिए गए हैं ताकि हर बार्डर इलाके में यह साफ हो जाय कि वहां का कौन रहने वाला है ? जिस को कई सहूलियत सरकार से चाहिए हो--राशन लाना हो या और सुविधा हो तो उस के पास एक आयडेंटिटी कार्ड हो। इस बारे में दो-तीन स्टेट्स में काम हुआ है। काश्मीर में हुआ है। पंजाब में अभी शुरू नहीं किया है। राजस्थान और गुजरात में इस पर काम शुरू हुआ है और उन्होंने यूटीलाइज किया है, बल्कि राजस्थान सरकार ने यह फैसला किया है कि अगले चुनाव तक वहां के सारे लोगों के पास आयडेंटिटी कार्डस होने चाहिए।

यहां काश्मीर के बारे में बहुत बहस हुई है। मैं इसकी तफसील में नहीं जाना चाहता हूं। लेकिन मैं यह साफ कहूंगा कि काश्मीर में जैसे हालात पैदा हुए हैं। यहां मेरे साथी लोग हैं, मैंने पहले भी कहा है कि वहां दफा 370 कोई इश्यू नहीं है। मैं समझता हूं कि पंजाब में दफा 370 कोई समस्या नहीं है। जहां कुछ समस्या है, जहां कुछ एलीनेशन हुआ है, जहां कुछ नौजवानों ने गलत रास्ता अख्तियार किया है, आसाम में यह कुछ

नहीं हैं, यह दफा 370 की वजह से नहीं है। काश्मीर में अगर कोई समस्या है तो उस में हम जिम्मेदार हैं। काश्मीर में लोगों के जो बेसिक डेमोक्रेटिक राइटस हैं, जिस में फरक होता है कि हम डमोक्रटिक इंडिया में रहते हैं, लोग जो चाहते है करते हैं, ऐसा वहां नहीं हुआ। तमिलनाडु के लोगों ने फैसला किया, उस वक्त के प्रधान मंत्री हर जगह गए, लेकिन लोगों ने फैसला किया। हरियाणा में लोगों ने इलेक्शन किया। उसी तरह काश्मीर में लोगों ने ऐसा सोचा कि हम पर विश्वास नहीं है। दिल्ली मे जो फैसला होगा, वह हम पर लागू होगा। इसके लिए हम जिम्मेदार हैं मैं भी जातीय तौर पर जिम्मेदार हूं। चाहे पंचायत का चुनाव हो, म्युनिसिपैल्टीज के या एसेंब्ली के चुनाव हों, वहां एक नाइंसाफी हो गई। फिर बदकिस्मती मौजूदा सरकार के खिलाफ एक सोची-समझी साजिश हो गई, जैसे नेशनल फ्रंट सरकार का आना, जैसे इस में मेरा मंत्री बनना। हम इसे कुछ हीलिंग टच दें, कुछ हालात को ठीक करने की कोशिश करें। यह एक बहुत गहरी साजिश हुई है। एक कंफ्रंटेशन का माहौल पैदा किया। अब हम पुरानी सरकार को क्या कहें। जब हम कहते हैं कि लोकसभा के चुनाव में दो प्रतिशत, दो फीसदी लोगों ने वोट डाले जब हम कहते हैं कि आनंतनाग में सिर्फ पी.एल. हाड का वोट पड़ा और किसी और ने वोट नहीं डाला। सोपोर में गुलाम रसूल का वोट पड़ा। श्रीनगर से मोहम्मद शफी बट्ट के खिलाफ फार्म भरने की किसी ने हिम्मत नहीं की। तो हम इन बातों में नहीं जाना चाहते जैसे कि 75 टेरोरिस्टों को रिलीज किया उसकी तरफ भी नहीं जाना चाहते। लेकिन यह हमारी समस्या हैं हम कहेंगे पंजाब का समला पुराना है क्यों दोहराए We will not dig the past. This is the respersibility of the Government of India to keep this great country united, and I am sure, मुझे इसमें कोई शक नहीं कि काश्मीर के हालात ठीक डायरेक्शन की तरफ होने चाहिएं। जिस तरह से उनको टेकल किया जाता है उसके बगैर कोई चारा भी नहीं है। वहां जैसे बेगुनाहों का खून किया जाता है चलते-चलते इंसानों का मारा जाता हैं अभी एक बारह साल की लड़की को मारा गया तो उसमें हमारी कोई डील नहीं। देश की अखंडता के लिए हम कोई सौदा करने के लिए तैयार नहीं। यह हमारी सरकार है जिसमें कोई बेकिंग जिसमें कोई ट्रिफ्ट नहीं, जो कश्मीर की सिचुएशन को डील करती है, फर्मली डील करती है, जो पंजाब में डील करेगी, जो आसाम में हालात हैं. उनमें डील करने की हमें मलाहियात है। काश्मीर में, मैं कुछ नहीं कहूंगा ब्रेक-थ्रू हो गया, लेकिन जो हम चाह रहे हैं, जो वहां देश के हक में भी कोई इंसान है, लेकिन मरा पड़ा है, बात नहीं कर सकता है, वहां उग्रवादी का, मिलिटेण्ट का रिफ्ट चला था, लेकिन मैं आपको कहना चाहता हूं authority of administration is being restored लोग आते थे आराम से जाते थे। अब बोर्डर को क्रास करके जो भी आते हैं, पकड़े जाते हैं, सामान पकड़ा जाता है। वहां का इंटेलीजेन्स सिस्टम इम्प्रूव हो गया है। वेक्यूम ने वहां की एडमिनिस्ट्रेशन को काम करना था। एक न्यूकलियस बना है, जो हालात को काबू में ला रहा है। मुझे उम्मीद है कि काश्मीर में काश्मीर के लोग फिर वापस कौमी दायरे की तरफ आयेंगे। जिन लोगों का ख्याल था कि दिनों में, महीनों में आजादी आने वाली है, जिन लोगों को यह ख्याल था गन के जोर पर हम ऐसा करेंगे, मैं कहता हूं कि, पाकिस्तान में उनकी कोई जगह नहीं है। पाकिस्तान बटा हुआ है। वहां सिंधी है पठान है, पंजाबी है। अगर कहीं आइडेंटिटी है, अगर पाकिस्तान के लोग इस्लाम के नाम पर कहते हैं, तो मैं कहता हूं कि अगर कहीं तहजीब है, मुस्लमान की आइडटिटी है तो वह हिन्दुस्तान में है। लिहाजा मुझे पूरी उम्मीद है। जिस तरह से वह कह रहे थे कि यह पालसी है, पालिसी क्या है? दो-दो मिनिस्टर बना दिये? मैं कहता हूं,

[Shri Mufti Mohammed Sayeed]

यही लोग थे, आल पार्टीज का डेलीगेशन श्रीनगर गया और वहां विजिट करके उन्होंने प्राइम-मिनिस्टर को सजेस्ट किया कि कश्मीर अफेयर्स का एक मिनिस्टर होना चाहिये ताकि उनकी तरफ तवज्जुह दे । इसमें कोई पालिसी में तजाद नहीं, मुझे तो कोई पालिसी में तजाद नहीं लगता । इसमें यह है– restoration of the authority of administration,

मैं नहीं समझता हूं कि पोलिटिकल प्रोसेस के बगैर, लोगों का विश्वास हासिल करने के बगैर और कोई तरीका है । लेकिन आज कश्मीर के लोग समझ गये हैं कि यह तो आतंकवादियों ने रास्ता अपनाया है, इससे नजात नहीं मिलेगी । लोगों को काफी तकलीफ हो रही है । कल एक घटना हुई । ईद से पहले मैं पांच दिन गया । मैंने वहां गवर्नर साहब से कह दिया । कोई नहीं, आम आदमी जो दिन को कमाते हैं, शाम को खाते हैं। मुझे वहां के एडवाइजर ने कहा–कुछ औरतें, कुछ मायें पैसा लेने के लिये आती हैं कि हमारे पास कुछ नहीं । मैंने कहा– हमें हालात का मुकाबला करना है । हमें मालूम है कि पाकिस्तान कितना जोर लगा रहा है, रिफ्यूजी कैंप वहां बना दिये हैं और वह कैंप ट्रेनिंग कैंप हो गये हैं । वहां पाक आक्यूपाइड कश्मीर में पाकिस्तान की प्राइम-मिनिस्टर गई और कह दिया कि दस करोड़ मैं कश्मीर के लिये दे रही हूं । इसी तरह नवाज शरीफ, जो पंजाब के चीफ मिनिस्टर हैं, उन्होंने कह दिया – पांच करोड़ । दौड़ लगी हुई है । पाकिस्तान में बहुत सारे पावर सेंटर हैं, कश्मीर इश्यू को लेकर अपने मुल्क की बात बनाना चाहते हैं । महोदया, इन खतरों के बावजूद कश्मीर के लोगों को यह अहसास हो गया है कि यह रास्ता ठीक नहीं है और उस पर लोगों को तकलीफ हो रही है । मैंने गवर्नर को उस वक्त भी कह दिया था कि कर्फ्यू नहीं लगाना है । कल भी कोई घटना हुई । हमारी बी.एस.एफ., सी.आर पी. पर कहीं ग्रेनेड फेंका गया, लाजिमी है कि उस आदमी को ढूंढने के लिये तलाशी करनी पड़ती है । तो तीन बजे फिर उन्होंने कर्फ्यू में रिलक्सेशन दिया । तो मुझे पूरी उम्मीद है कि कश्मीर में हालात ठीक हो जायेंगे और कश्मीर जब हिन्दुस्तान का एक हिस्सा है तो रहेगा । इसमें मुझे कोई शक नहीं है कि वहां हालात पर कंट्रोल पाने में हम कामयाब होंगे ।

जिन सदस्यों ने इस बहस में हिस्सा लिया, उनका मैं मशकूर हूं । जिन्होंने सुझाव दिये हैं । और लिखकर भेजे हैं, मैं उनको विश्वास दिलाता हूं कि हम उनका जवाब लिखित रूप में देंगे । मैं फिर एक बार उन सदस्यों का जिन्होंने इस बहस में हिस्सा लिया, शुक्रिया अदा करता हूं ।

दूसरी बात यह है कि यहां राज्य सभा में फतेहपुर में जो एक इंसिडेंट हुआ, उसकी चर्चा हुई जिसमें एक आदमी को जलाया गया । तो उसी दिन प्राइम-मिनिस्टर साहब ने यू.पी. के चीफ मिनिस्टर को आदेश दिया कि कानून के सामने किसी का लिहाज न किया जाय और उन दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ 302 का केस दर्ज किया गया । दूसरा जो वाकया हुआ उसकी तहकीकात हुई और उस पर यहां चर्चा हुई और प्राइम-मिनिस्टर साहब ने अपने फंड से 20,000 रुपये उनको भेजे । स्टेट गवर्नमेंट ने उनको जमीन दी । तो यदि कोई इस तरह का केस कहीं हो जाता है तो मैंने पहले भी कहा है कि एक व्यक्ति के पीछे सारी कम्युनिटी को दोषी बताना ठीक नहीं है । तो मैं कहना चाहता हूं कि प्राइम मिनिस्टर की तरफ से यू.पी. के चीफ मिनिस्टर को उसी दिन आदेश भेजा गया कि इस वाकये की जांच की जाय और जिसने कोई गलत काम किया है, उसको फौरन गिरफ्तार किया जाये । तो उन दोनों दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ दफा 302 में केस रजिस्टर किया गया । धन्यवाद ।

THE DEPUTY CHAIRMAN : The discussion on the Ministry of Home Affairs is concluded. I will now ask the Minister of State in the Ministry of Human Resource Development to make his statement.

STATEMENTS BY MINISTERS

I. Review of National Policy on Education

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI CHIMANBHAI MEHTA) : Madam, Even after 43 years of independence, a majority of our people continue to remain deprived of minimum needs of food, housing, clothing and education. It is also a matter of grave concern that our people comprise 50 percent of the world's illiterate, and large sections of children have to go without acceptable level of primary education. Government accords the highest priority to education—both as a human right and as the means for bringing about a transformation towards a more humane and enlightened society. We need to make education an effective instrument for securing a status of equality for women, and persons belonging to the backward classes and minorities. Moreover, it is essential to give a work and employment orientation to education and to exclude from it the elitist aberrations which have become the glaring characteristic of the educational scene. Educational institutions are increasingly being influenced by casteism, communalism and obscurantism and it is necessary to lay special emphasis on struggle against this phenomenon and to move towards a genuinely egalitarian and secular social order. The National Policy on Education, 1986 has not presented a framework which would enable the country to move towards this perspective of education

Government have, therefore, decided to set up NPE Review Committee under the Chairmanship of Acharya Ramamurti. The membership of the Committee will be as follows :

1. Professor CNR Rao
   Director
   Indian Institute of Science
   Bangalore

2. Dr. Sukhdev Singh
   Formerly Vice-Chancellor
   Punjab and MP Agricultural Universities

3. Dr. M. Santappa
   Formerly Vice-Chancellor
   Madras University

4. Dr. Obaid Siddiqui, FRS
   Tata Institute of Fundamental Research Bombay

5. Dr. Bhaskar Roy Chaudhary
   Vice-Chancellor
   Calcutta University
   Calcutta

6. Shri MG Bhativadekar
   Formerly Principal
   Maharaja College
   Jaipur

7. Professor Usha Mehta
   Political Scientist and teacher
   Bombay

8. Professor Sachhidanand Murthy
   Head of the Department of Asian Philosophies and Cultures & Principal
   University Post Graduate Centre
   Guntur

9. Dr. Anil Sadgopal
   Kishore Bharati
   Hoshangabad

10. Father TV Kunnunkal
    Chairman
    National Open School
    New Delhi.